**प्रेस नोट** **26/05/2025**

**एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार जिसके कब्जे से 17 लोहे के बाक्स में 20 कुन्तल 04 किलो 200 ग्राम अवैध नाजायज गाँजा व एक अदद डीसीएम वाहन नं. ML10D 0332 बरामद–**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में तथा थाना कोतवाली नगर व एसओजी/स्वाट/सर्विलंस टीम को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 25.05.2025 समय 20.00 बजे देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मऊ बलिया हाईवे पर स्थित पटेल ढाबा से 100 मीटर पूरब मुहल्ला ख्वाजाजहांपुर थाना कोतवाली नगर मऊ से 01 नफर अभियुक्त सभाजीत चौहान पुत्र राजाराम चौहान निवासी दुल्हापुर, थाना दोस्तपुर, जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 40 वर्ष को 20 कुन्तल 04 किलो 200 ग्राम अवैध गाजा 17 लोहे के बाक्स में व एक अदद वाहन डीसीएम नं. ML10 D 0332 के साथ गिरफ्तार किया गया। मुखबीर की सूचना दिनांक 25.05.2025 को पटेल ढाबा के पास से बलिया मऊ हाईवे पर समय 20.00 बजे वाहन चेक किया गया जिसमे ड्राइवर द्वारा ट्रान्सफर का सामान बताया गया। पूछताछ के दौरान बताया कि तेजपुर गोल्डेन ट्रान्सपोर्ट सर्विस तेजपुर से ट्रान्सफर सामान लोडकर लखनऊ जा रहा हूँ और पूछताछ में बताया कि साहब जिसमे गाँजा है। श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया जिनके समक्ष उक्त वाहन को चेक किया गया जिसमे 20 कुन्तल 04 किलो 200 ग्राम अवैध गाँजा बरामद हुआ जिसका मूल्य करीब तीन करोड़ रुपये है। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध करने का तरीका -** उक्त अभियुक्त एक शातीर किस्म का अपराधी है जो मिलिट्री जैसा बाक्स बनाकर ट्रान्सफर जाने की बिल्टी आर्डर बनाकर धोखा देकर गाँजा की वाहन से सप्लाई करना।

**पंजीकृत अभियोग -**

1. मु.अ.सं. 166/2025 धारा 318(2)/319(2)/336(2)/338/340(2) बी.एन.एस. व 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

1. सभाजीत चौहान पुत्र राजाराम चौहान निवासी दुल्हापुर, थाना दोस्तपुर, जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 40 वर्ष।

**बरामदगी –**

1. एक अदद डीसीएम वाहन में 17 लोहे के बाक्स में रखा 20 कुन्तल 04 किलो 200 ग्राम अवैध गाँजा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, मय हमराह थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
2. प्रभारी उ.नि. श्री प्रमोद कुमार सिंह, एसओजी व स्वाट टीम/,सर्विलांस जनपद मऊ
3. उ0नि0 सुभाष चन्द्र चौकी प्रभारी भीटी थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
4. का. रवि किरन सिंह, थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
5. का. विजय यादव, थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
6. हे0का0 राकेश यादव, सर्विलांस सेल जनपद मऊ

7. हे0का0 सुशील यादव , स्वाट टीम जनपद मऊ
8. हे0का0 नीरज शर्मा , स्वाट टीम जनपद मऊ
9. हे0का0 कमलेश कुमार ठाकुर , स्वाट टीम जनपद मऊ
10. का0 अविनाशधर दुबे , एसओजी टीम जनपद मऊ
11. का0 अनिरुद्ध सिंह , एसओजी टीम जनपद मऊ
12. का0 अश्वनी गौड़ , सर्विलांस टीम जनपद मऊ।

**01 वांछित तथा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

आज दिनांक 26.05.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर अन्दरपास भारती कला के पास से मु0अ0सं0 221/25 धारा 3/5ए/8 बीएनएस में वांछित अभियुक्त रेयाज खान पुत्र मुमताज अहमद निवासी नायक डीह हाल्ट थाना दुल्हपुर जनपद गाजीपुर व 01 नफर वारण्टी अभियुक्त परशुराम चौहान पुत्र जयराम चौहान निवासी खतीबहा थाना मुहम्मदाबाद व थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त हासिम पुत्र आमीन निवासी मदनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।